# प्रदेश में अब तक हुई 61% अधिक वर्षा

## सीएम की बैठक में दी गई जानकारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जुलाई. प्रदेश में अब तक 61 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई है. सर्वाधिक वर्षा टीकमगढ़, मंडला, छतरपुर, निवाड़ी और सीधी में दर्ज की गई.आगामी माहों में वर्षा के अनुमान को देखते हुए प्रदेश में बाढ़ और अतिवृष्टि से बचाव के लिए एनडीआरएफ की 2 टीमों को भोपाल में, एक-एक टीम जबलपुर, ग्वालियर और धार में तैनात की गई हैं.**

एसडीईआरएफ की टीमें भी तैनात हैं. यह जानकारी मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दी गई. मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए. राज्य शासन जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है. बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पूर्व आंकलन कर राहत कैम्प की तैयारी रखें. आवश्यकता होने पर राहत शिविर लगाकर आवास और भोजन उपलब्ध कराया जाए. इन कार्यों में आवश्यकता होने पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्षाकाल में आने वाले त्यौहारों में उचित व्यवस्था और आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी हैं.

बैठक में जानकारी दी गई कि आपदा की स्थिति में सेना से सहायता प्राप्त करने के लिए सेना के जिलेवार नोडल अधिकारियों की सूची जिलों को प्रदान की गई है. जिलों को मोटर बोट, लाइफ जैकेट, फ्लड लाइट, प्राथमिक उपचार किट और अन्य आपदा उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं।.बैठक में प्रदेश के बांधों में जलभराव की स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत की गई.

### स्वचछता में भोपाल को मिला प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी सीएम को सौंपा

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार की शाम मंत्रालय में भोपाल की महापौर मालती राय के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती राय ने राष्ट्रपति द्वारा भोपाल को स्वच्छता क्षेत्र में दिये गये प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मध्य प्रदेश स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी बना रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महापौर मालती राय सहित नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति, राजेश हिंगोरानी और अन्य पदाधिकारी गण को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भोपाल, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के अन्य शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पुरस्कारों से गत सप्ताह सम्मानित किया. भोपाल को 10 लाख से अधिक जनसंख्या की श्रेणी में स्वच्छ शहर का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बुधनी नगर निकाय के पदाधिकारी गण ने भी भेंट की और 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुधनी के पुरस्कृत होने की जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों निकायों के पदाधिकारियों को बधाई दी.

### वन विभाग ने 5 करोड़ 35 लाख से अधिक पौधे रोपे

**भोपाल.** वन विभाग द्वारा जल संचय के उद्देश्य से 71 हजार 682 हे. में 5 करोड़ 35, 872 पौधे रोपे गए. अभियान में 78 हजार 665 हे. में 5 करोड़ 25 लाख 40 हजार 158 पौधरोपण का लक्ष्य था. अभी तक 95 .23 प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंच चुका है. वन विभाग की विभिन्न शाखाओं जैसे अनुसंधान एवं विस्तार शाखा द्वारा 115 हेक्टेयर में 82 हजार 108, बेम्बो मिशन में 1113 हेक्टेयर में 4 लाख 9 हजार 735, कैम्पा में 50 हजार 545 हेक्टेयर में 3 करोड़ 25 लाख 72 हजार 688, डेवलपमेंट में 12 हजार 903 हेक्टेयर में 67 लाख 86 हजार 151, ग्रीन इण्डिया मिशन में 1413 हेक्टेयर में 4 लाख 69 हजार 515, लघु वनोपज संघ में 1854 हेक्टेयर में 9 लाख 33 हजार 875 और वन विकास निगम द्वारा 3 हजार 521 हेक्टेयर में 87 लाख 81 हजार 800 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया.



### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से मिले मंत्री पटेल

**भोपाल.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रममंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से निज निवास पर मुलाकात की. मंत्री पटेल ने केंद्रीय मंत्री सिंह को राज्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों से अवगत कराया.

# प्रदेश में 'तन्वी द ग्रेट' टैक्स फ्री

## सिनेमाघर में हुआ फिल्म का प्रदर्शन

**भोपाल, 22 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में फिल्म तन्वी द ग्रेट कर मुक्त होगी. सरकार द्वारा ऐसी सार्थक फिल्मों को प्रोत्साहित किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर के साथ रात्रि को एमपी नगर स्थित एक सिनेमा हाल में फिल्म तन्वी द ग्रेट का विशेष प्रदर्शन देखा.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फिल्म का विषय चयन, कलाकारों का अभिनय, गीत संगीत, सभी दर्शकों का दिल जीतने योग्य रहा. यह फिल्म मानवीय संवेदनाओं और हमारे तानेबाने से संबंधित सार्थक संदेश देती है. यह फिल्म नहीं बल्कि एक सीख और एक पाठ है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आटिज्म से प्रभावित बच्चे भी सक्षम होते हैं और वे सेना में भर्ती होने की योग्यता भी रखते हैं. यह फिल्म में बखूबी दिखाया गया है. निर्देशक खेर ने कहा कि पिता का स्वप्न पूरा करने के लिए बेटी सभी जतन करती है. कोई व्यक्ति सबसे अलग हो सकता है, लेकिन वह कमजोर नहीं होता. इस फिल्म की नायिका ने सिद्ध किया है कि उसकी योग्यता से ही भारतीय सेना में उसका चयन होता है. फिल्म प्रदर्शन के अवसर पर हेमंत खण्डेलवाल, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंत्री तुलसीराम सिलावट, मंत्री गोंविद सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेंद्र लोधी, विधायक भगवान दास सबनानी, जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

# सोनम से मिलेंगे राजा के भाई

## आरोपियों की जमानत रद्द कराने हाईकोर्ट जाएंगे

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़ आया है. मृतक राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी मंगलवार को शिलांग रवाना हो गए हैं. वे बुधवार को मेघालय हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तीन सह-आरोपियों को मिली जमानत को चुनौती देंगे.**

साथ ही वे शिलांग जेल में बंद छोटे भाई की पत्नी और हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी से मिलने की भी कोशिश करेंगे. परिजनों का कहना है कि अब तक तीन आरोपी इंदौर के फ्लैट मालिक लोकेंद्र तोमर, सोसायटी गार्ड बलबीर अहिरवार और प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स को जमानत मिल चुकी है, जिससे परिवार आहत है. खासतौर पर शिलोम की जमानत पर सवाल उठते रहे हैं, क्योंकि उस पर सोनम के जेवर, पिस्टल और बैग छिपाने तथा जलाने जैसे गंभीर आरोप हैं. विपिन का कहना है कि ऐसे व्यक्ति को भी जमानत मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है. राजा की हत्या के बाद उसकी पत्नी सोनम शिलांग से इंदौर आकर जिस फ्लैट में छिपी थी, उसी से यह तीनों आरोपी जुड़े हैं. परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने और फरार आरोपियों को मदद पहुंचाने में भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें कानूनी राहत मिल गई. परिजनों का कहना है कि यदि शिलांग हाईकोर्ट से न्याय नहीं मिला, तो वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे. साथ ही, केस से जुड़े सभी आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की मांग भी की जाएगी.

# प्रदेश में खाद की भारी किल्लत : नायक

## मंत्री खा रहे 40 हजार के काजू

**भोपाल, 22 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि अति वर्षा और खाद की किल्लत के कारण प्रदेश के किसान बुरी तरह परेशान हैं.**



उन्होंने कहा कि कई जिलों में यूरिया की भारी कमी और कालाबाजारी हो रही है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं, लेकिन अधिकारी सर्वे के लिए नहीं पहुंच रहे. नायक ने बताया कि सीहोर जिले में एक किसान बैल की जगह खुद हल चला रहा है, जो सरकारी उदासीनता का प्रतीक है. उन्होंने फसल बीमा योजना की विफलता को उजागर करते हुए कहा कि आज भी किसानों को बीमा राशि नहीं मिली है. भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नायक ने कहा कि महुगंज में एक ही वेंडर को चाय, समोसे, टेंट और दरी के भुगतान किए गए हैं.

उन्होंने तंज कसते हुए कहा,जनता भूखी है और मंत्री 40 हजार के काजू खा रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर सफल रहा,सभी विधायक पूरी ऊर्जा के साथ मानसून सत्र में उतरेंगे और विपक्ष की भूमिका इस बार धारदार होगी.

## एक नजर में

### विधायक ने समीक्षा बैठक में बीईओ को लगाई फटकार

**बैरसिया.** जनपद पंचायत के सभागार में गत दिनों विधायक विष्णु खत्री ने खंड स्तरीय समस्त विभाग प्रमुखो के साथ बैठक आहुत कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति जानी. शिक्षा विभाग की समीक्षा दौरान बीईओ रामनारायण वास्ती क्षेत्र में मिडिल से हाई स्कूल में उनयन हुए स्कूलों के भवन निर्माण कार्य की प्रांरभ की वास्तु स्तिथि नही बता सके. इस बात पर विधायक खत्री भड़क उठे. और विधायक ने बताया कि हमने क्षेत्र में 5 स्कूलों को हाई स्कूल उनयन कराया है. ओर नवीन भवन हेतु शासन से राशि स्वीकृत कराई है. ताकि छात्र छात्राओं को सुविधा मिल सके.

### मंदिर से मूर्ति चोरी, दो घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**सागर.** जिले के शाहगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित हिंगलाज मंदिर से मां दुर्गा की पीतल की प्रतिमा चोरी होने के कुछ ही घंटों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुजारी बालकिशन यादव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. छानबीन में सामने आया कि छतरपुर निवासी सरताज खान और साबिर खान ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गई प्रतिमा और अन्य सामान बरामद किया. पूछताछ में आरोपियों ने खलमंत्रा मंदिर की दान पेटी तोड़कर नकदी चोरी करना भी कबूल किया है.

### झांसे में लेकर 22 लाख ठगे, फिर किया ब्लैकमेल

**जबलपुर.** बैंक से नीलाम मकान दिलाने का झांसा देकर 22 लाख रुपये की ठगी और अश्लील वीडियो बनाकर महिला से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोपी महेश दाहिया को गोहलपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी की महिला से दोस्ती हुई थी. फिर उसने सस्ते मकान दिलाने का झांसा देकर 22 लाख रुपये ले लिए. इसके बाद आरोपी ने महिला को घर बुलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो व फोटो बना लिए. इन्हें वायरल करने की धमकी देकर वह महिला को ब्लैकमेल करता रहा.

# छात्रावास में बिगड़ी बच्चों की तबीयत

## 20 बच्चे बीमार, 8 अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महू आदिवासी छात्रावास में अचानक बच्चों के तबियत बिगड़ गई. करीब 20 बच्चें बीमार हो गए है, जिसमें 8 को सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है. बच्चों की डॉक्टर सतत निगरानी कर रहे हैं.**

खास बात यह है कि कलेक्टर ने तीन पहले ही छात्रावासों की जांच और निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे. आज महू के आदिवासी छात्रावास के 20 से ज्यादा बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. बताया जा रहा है कि भोजन और पानी में गड़बड़ के कारण बच्चों की तबियत बिगड़ी है. मामले की जानकारी मिलते ही कलेक्टर आशीष सिंह ने एसडीएम को मौके पर भेजा. एसडीएम राकेश परमार ने तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचकर सभी बच्चों से बातचीत कर इलाज की जानकारी ली. उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर से बात कर बच्चों के तुरंत इलाज और दवाइयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. एसडीएम परमार ने बताया कि कुल 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली थी. बच्चों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया.



> प्राथमिक उपचार के बाद 12 बच्चों की स्थिति सामान्य होने पर उन्हें वापस छात्रावास में भेज दिया गया है. शेष 8 अभी अस्पताल में भर्ती हैं और डॉक्टरों की निगरानी में है. उनकी हालत स्थिर है. बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर छात्रावास की जांच की करवाई जारी है. कलेक्टर आशीष सिंह ने 3 तीन दिन पहले ही सभी छात्रावासों की स्थिति का निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए थे.



### डीपीसी यादव पहुंचे कन्या स्कूल

**बैरसिया, 22 जुलाई. जिला भोपाल डीपीसी आरके यादव मंगलवार को बैरसिया ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे. उन्होंने पीएमश्री शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि का दौरा किया.**

उन्होंने स्कूल में नि:शुल्क पाठय-पुस्तक एव साइकिल वितरण समेत अन्य बिंदुओं की जानकारी देखी और स्कूल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल प्राचार्या गीता जोशी ने नवनियुक्त डीपीसी आरके यादव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में नगर सचिव शिशुपाल सिंह राजपूत, सुजाता पुरोहित, रमा दांगी, शमीम अख्तर आदि ने भी पुष्पमालाओं से डीपीसी का स्वागत किया। इस दौरान शिक्षक संघ के जिला सचिव बीआरसी वालेदु सिंह, जिला कार्यकारणी सदस्य वीएसी योगेश सक्सेना, सुरेश कुमार अहिरवार और वरिष्ठ व्याख्याता राजीव व्यास समेत अन्य स्टाप मौजूद रहे.

### 24 को होगा हरियाली महोत्सव

**मण्डीदीप.** औद्योगिक नगर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर नगर विकास समिति की बैठक का आयोजित की गई. जिसमें ब्लाक समन्वयक जन अभियान परिषद निषा बहेरकर, व सेक्टर प्रभारी वीरसिंह चौहान उपस्थिति हुए. एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक निषा बहेरकर ने कहा कि नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर प्रत्येक सेक्टर में सौ महिलाओं को बीज वितरित किए जाएंगे उसके लिए नवांकुर समिति सूची तैयार की गई है.

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

कमांक/पु.उपा./न.पु. / भो / रनि / निविदा / 476 / 25 दिनांक:- 16/07/2025

**ई - निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022 " के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना तलैया नगरीय पुलिस भोपाल में छत पर शेड का निर्माण कार्य | 1,000/- | 4,99,776/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2 निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3 म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 17/07/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 17/07/2025 के 12.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 06/08/2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 07/08/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 23/08/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

G-16049/25

**M.P. BOARD OF SECONDARY EDUCATION, BHOPAL**

No./505/building/e tender/2025 Bhopal, Dated : 22.07.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

मण्डल में रेनोवेशन कार्य के अन्तर्गत मुख्यालय में स्थापित ए.सी. सिस्टम का वार्षिक संधारण कार्य, आंचलिक/संभागीय कार्यालय इंदौर भवन में सी.सी. टी.व्ही. सिस्टम एवं सीलिंग फैन/वॉल फैन की व्यवस्था बावत्, मण्डल परिसर स्थित यूको बैंक भवन में सिविल संबंधी विभिन्न संधारण कार्य करवाये जाने बावत्, मण्डल मुख्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम नं. 1 एवं 2 में सिविल संबंधी विभिन्न संधारण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) एवं आंचलिक कार्यालय परिसर इंदौर में दो पहिया पार्किंग, दीमक रोधी ट्रीटमेंट, गार्ड रूम का संधारण एवं अन्य आवश्यक एवं सिविल संधारण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरान्त निविदा में कोई संशोधन एवं परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/121211/2025 कार्यपालन यंत्री

**कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक BPLLP17052554470/ दिनांक / 21/JUL/2025

क्र./1726 दिनांक 21/JUL/2025

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म. प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियॉ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/ मेसर्स DEVELOPERS : M/S SHUBHALAY PARTNER MR MANOJ SINGH S/O S. K. SINGH द्वारा नीचे दिये गए अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नाम : TRIBHUVANN

(ख) अवस्थिति(अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक): पूर्व स्वीकृत ग्राम Salaiya तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 171,173,174,175, 181,182,183,184,185,186/2,187,189,190,191/2,193,194,195,211,212, 213,214,215 कुल रकबा 9.31 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास प्रयोजन का नाम: RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति का क्रमांक एवं दिनांक: 167-170/LP-39 दिनांक 2009-04-04

पूर्व स्वीकृति अभिन्यास मे यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=j9ODc3q75K1726 पर प्रस्तुत कर सकेगा । पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित का अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश, जिला भोपाल( म.प्र.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

( तामिया रोडे वार्ड क्रमांक 03 जुन्नारदेव पिनकोड-480551 )

Phone( 07160)231007 ULB CODE-802380 Emailid-cmojunardev@mpurban.gov.in

क्रमांक/1234/न.पा./लोनिशा/2025 जुन्नारदेव दिनांक 21/07/2025

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025-1-UAD-438720-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्रमांक 16 में आरसीसीनाली निर्माण कार्य हाफीज किराना से खेडापति मंदिर से नाले तक | 02 माह 7,01,322/- | 2,000/- 7100/- | 09.08.2025 |
| 2 | 2025-1-UAD-438721-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्रमांक 02 में आरसीसीनाली निर्माण कार्य साहू किराना से भरत जोशी के घर तक | 02 माह 6,17,066/- | 2,000/- 6200/- | 09.08.2025 |
| 3 | 2025-1-UAD-438722-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्रमांक 16 में आरसीसीनाली निर्माण कार्य अली किराना से ग्यासुदीन खान के घर तक | 02 माह 4,38,426/- | 2,000/- 4400/- | 09.08.2025 |
| 4 | 2025-1-UAD-438724-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्र मांक 11 में पेवर ब्लाक स्थापना कार्य नूरखान से बाला निवास तक एवं परवेज खान से मेन रोड तक और सिध्दिकलाल से मेन रोड तक | 02 माह 2,23,352/ | 2,000/- 2300/- | 09.08.2025 |
| 5 | 2025-1-UAD-438725-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्रमांक 16 में आरसीसीनाली निर्माण कार्य आसिफ के घर के सामने से मानसिंह वैश्य के घर तक | 02 माह 1,43,972/- | 1,000/- 2900/- | 09.08.2025 |
| 6 | 2025-1-UAD-438726-1 DATE 21.07.2025 | वार्ड क्रमांक 14 मे पेवर ब्लाक स्थापना कार्य नाग मंदिर के सामने | 02 माह 1,13,879/ | 1,000/- 2300/- | 09.08.2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आंनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव
जिला-छिन्दवाड़ा